दिन–बुधवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 16 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि– 15 मिनट

---

01. सीवान जिले के भगवानपुर थाना क्षेत्र के अलग–अलग गांवों में जहरीली शराब पीने से चार लोगों की मौत। ग्यारह लोगों का विभिन्न अस्पतालों में चल रहा है इलाज।

02. केन्द्र सरकार ने रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में की वृद्धि। केन्द्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशन भोगियों के महंगाई भत्ते में तीन प्रतिशत की हुयी बढ़ोतरी।

03. उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा – अवैध खनन की निगरानी अब ड्रोन और हेलीकॉप्टर से नजर रखी जाएगी।

04. और, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने पटना में आज से उन्नीस अक्टूबर तक चलने वाली अंतर विश्वविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता का किया उद्घाटन।

———————————————————

सीवान जिले के भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के अलग–अलग गांवों में जहरीली शराब पीने से चार लोगों की मौत हो गई है। सीवान के जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता ने बताया कि आठ लोगों को सदर अस्पताल और तीन लोगों को पीएमसीएच इलाज के लिए भेजा गया है।

———बाईट———

जिलाधिकारी ने बताया कि जहरीली शराबकांड मामले में भगवानपुर के थानाध्यक्ष और चौकीदार को निलंबित कर दिया गया है।

———————————————————

केंद्र सरकार ने आज विपणन सत्र दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए रबी की फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य–एमएसपी में बढ़ोतरी की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक हुई। बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पत्रकारों को बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि रेपसीड और सरसों की फसलों में अधिकतम तीन सौ रुपये प्रति क्विंटल की बढोतरी की गई है।

———बाईट———

———————————————————————————

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशन भोगियों के महंगाई भत्ते और महंगाई राहत में तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी को स्वीकृति प्रदान कर दी है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि बढ़े हुए महंगाई भत्ते का लाभ एक जुलाई दो हजार चौबीस से मिलेगा। इसके साथ ही महंगाई भत्ता बढकर तिरेपन प्रतिशत हो गया है। उन्होंने बताया कि भत्ते में वृद्धि का लाभ उनचास लाख से अधिक केंद्रीय कर्मचारियों और चौंसठ लाख से अधिक पेंशन भोगियों को मिलेगा।

———बाईट———

———————————————————————————

उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि नयी खनन नियमावली से माफिया राज और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री सिन्हा ने कहा कि अवैध खनन करने वाले और अवैध ढुलाई करने वालों पर भारी जुर्माना का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि गड़बड़ी करने वालों पर दस लाख रुपए तक का जुर्माना का प्रावधान है। उप मुख्यमंत्री ने कहा अवैध खनन की निगरानी अब ड्रोन के माध्यम से की जायेगी और हेलीकॉप्टर से भी नजर रखी जाएगी। श्री सिन्हा ने कहा कि जो आम लोग अवैध खनन की सूचना देंगे उन्हें विभाग द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।

———बाईट———

उपमुख्यमंत्री श्री सिन्हा ने बताया कि व्यक्तिगत कार्य के लिए खेत से मिट्टी उठाने पर कोई कार्रवाई नहीं होगी। उन्होंने कहा कि पंद्रह अक्टूबर से एक सौ नब्बे नदी घाट पर बालू खनन की अनुमति दी गई है और जल्दी पच्चीस और नये बालू पर भी अनुमति मिलेगी।

———————————————————————————

प्रदेश में बिजली दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं होगी। बिहार विद्युत विनियामक आयोग ने बिजली कम्पनी की पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई के बाद बिजली दर में

वृद्धि के प्रस्ताव को खारिज कर दिया। आयोग के अध्यक्ष आमिर सुबहानी, सदस्य अरूण कुमार सिन्हा और पी.एस. यादव की बेंच ने बिजली कम्पनियों को स्पष्ट किया की उनके किसी दावे का बिजली दरों पर कोई असर नहीं होगा।

———————————————————————

बिहार चैंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज ने बिजली की दरों में बढ़ोतरी के संबंध में विद्युत कंपनी पुनर्विचार याचिका को विद्युत विनियामक आयोग द्वारा खारिज किये जाने के कदम का स्वागत किया है। चैंबर के अध्यक्ष सुभाष कुमार पटवारी ने कहा कि टैरिफ में बढ़ोतरी को अस्वीकृत किया जाना एक सकारात्मक कदम है। बिजली कंपनियों ने पिछले वर्ष टैरिफ में बढ़ोतरी का आग्रह आयोग से किया था। इसके तहत बिजली की दरों में चालू वित्त वर्ष के दौरान तीन प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी का प्रस्ताव किया गया था।

———————————————————————

प्रदेश में इस बार भी दीपावली में पटाखों के इस्तेमाल पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद ने इस संबंध में सभी जिलाधिकारियों को पत्र निर्गत किया है। पत्र में कहा गया है कि पटाखों से होने वाले वायु और ध्वनि प्रदूषण के कारण इनकी खरीद–बिक्री पर प्रतिबंध लगाया जाता है। लोगों को ग्रीन पटाखे के इस्तेमाल की सलाह दी गयी है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष भी पर्षद ने पटाखों पर प्रतिबंध लगाया था।

———————————————————————

राजस्व और भूमि सुधार विभाग ने भूमि सर्वे में आ रही परेशानी को दूर करने के लिए कैथी लिपि में पुस्तक के प्रकाशन का फैसला किया है। यह पुस्तक अमीन, कानूनगो, राजस्व कर्मचारी, अंचलाधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता और अपर समाहर्ता समेत सभी शिविर प्रभारियों के बीच बांटी जायेगी। विभागीय मंत्री डॉक्टर दिलीप कुमार जायसवाल ने बताया कि इससे कैथी में लिखे दस्तावेजों को समझने में सहूलियत होगी।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की उपस्थिति में सक्रिय सदस्यता अभियान की शुरुआत की। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी

ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता के रूप में, उन्हें पहला सक्रिय सदस्य बनने पर गर्व है। उन्होंने कहा, यह एक आंदोलन है जो जमीनी स्तर पर भाजपा को और मजबूत करेगा तथा राष्ट्रीय प्रगति के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं का प्रभावी योगदान सुनिश्चित करेगा।

———————————————————————

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि दुनियाभर के कुल डिजीटल लेनदेन का छियालीस प्रतिशत हिस्सा भारत में होता है। नई दिल्ली में भारत मण्डपम में अंतर्राष्ट्रीय सिक्स–जी सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए श्री सिंधिया ने कहा कि इस वर्ष अगस्त में दो अरब पचहत्तर करोड़ डॉलर के लेनदेन में से करीब डेढ़ अरब यूपीआई के माध्यम से हुए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक के लिए साइबर सुरक्षा सुनिश्चित करना जरूरी है। संचार मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि भारत सिक्स–जी प्रौद्योगिकी में विश्व का अग्रणी देश होगा। श्री सिंधिया ने कहा कि डिजीटल इंडिया सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल सिद्धांत पर आधारित है।

———————————————————————

प्रदेश में डेंगू के नये मामलों के मिलने का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान एक सौ तीस नये मामलों की पुष्टि हुई है। इसमें सबसे अधिक अंठावन मरीज पटना से हैं। इधर, पटना के नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में डेंगू पीड़ित एक सत्तर वर्षीय मरीज की मौत हो गयी। वरिष्ठ चिकित्सक नीरज निश्चल ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है।

———बाईट———

———————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग ने सत्तरवीं एकीकृत संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा के लिए आवेदन की तिथि चार नवम्बर तक बढ़ा दी है। इससे पहले आवेदन की अंतिम तिथि अठारह अक्टूबर तक निर्धारित थी। इधर, आयोग ने परीक्षा के लिए सत्तर और रिक्तियों में बढ़ोतरी की है। अब यह परीक्षा दो हजार सत्ताईस पदों के लिए होगी।

———————————————————————

प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में बाहरी लोगों के प्रवेश पर रोक लगा दी गयी है। शिक्षा विभाग ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को आदेश जारी कर दिया है। आदेश में कहा गया है कि बाहरी लोगों के प्रवेश के चलते विद्यालयों में पढाई बाधित होती है। साथ ही शिक्षकों और छात्रों की सुरक्षा को लेकर भी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। आदेश के अनुसार अब विद्यालय प्रधान ही बाहरी लोगों से बातचीत करेंगे।

———————————————————————

राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर की पहल पर आज से पटना में अंतर विश्वविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता की शुरुआत हुई। प्रतियोगिता में तेईस विश्वविद्यालय भाग ले रहे हैं। विजेता टीम को चांसलर ट्राफी प्रदान की जायेगी। यह प्रतियोगिता उन्नीस अक्तूबर को संपन्न होगी। राज्यपाल ने कंकड़बाग स्थित पाटलिपुत्र खेल परिसर में इसका उदघाटन किया। राज्यपाल ने कहा कि बिहार में खेल को लेकर काफी संभावनाएं हैं।

———बाईट———

———————————————————————

दरभंगा, मधुबनी और सीतामढ़ी समेत मिथिलांचल के इलाकों में आज प्रसिद्ध पर्व कोजागरा मनाया जा रहा है। यह पर्व शरद पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। पूरे वर्ष में केवल आज के ही दिन चंद्रमा सोलह कलाओं से परिपूर्ण होता है। इस दिन मां लक्ष्मी की पूजा—अर्चना की जाती है। मिथिला के क्षेत्रों में नव विवाहितों के लिए कोजागरा खास होता है। आज के दिन पान और मखाना खाने की भी परम्परा है।

———————————————————————

रेलवे ने गया से मुम्बई के लिए सीधी ट्रेन सेवा की शुरूआत की है। यह ट्रेन प्रत्येक बुधवार को गया से शाम सात बजे चलेगी और रांची, रायपुर, भुसावल तथा नागपुर होते हुये मुम्बई के लोकमान्य तिलक टर्मिनल पर पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन प्रत्येक शुक्रवार को दोपहर एक बजकर पन्द्रह मिनट पर गया के लिए रवाना होगी।

———————————————————————

इधर, पूर्व मध्य रेलवे ने सरायगढ़–देवघर स्पेशल ट्रेन को सरायगढ़ से पाटलिपुत्र के बीच चलाने का निर्णय किया है। यह ट्रेन सरायगढ़ से सुबह चार बजकर बीस मिनट पर रवाना होकर ग्यारह बजकर चालीस मिनट पर पाटलिपुत्र पहुंचेगी।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. सीवान जिले के भगवानपुर थाना क्षेत्र के अलग–अलग गांवों में जहरीली शराब पीने से चार लोगों की मौत। ग्यारह लोगों का विभिन्न अस्पतालों में चल रहा है इलाज।

02. केन्द्र सरकार ने रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में की वृद्धि। केन्द्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशन भोगियों के महंगाई भत्ते में तीन प्रतिशत की हुयी बढ़ोतरी।

03. उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा – अवैध खनन की निगरानी अब ड्रोन और हेलीकॉप्टर से नजर रखी जाएगी।

04. और, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने पटना में आज से उन्नीस अक्टूबर तक चलने वाली अंतर विश्वविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता का किया उद्घाटन।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।